प्रश्न सं. [ क्र. 1872 ]

परिशिष्ट-1

भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण
(सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार)
NATIONAL HIGHWAYS AUTHORITY OF INDIA
(Ministry of Road Transport & Highways, Govt. of India)
क्षेत्रीय कार्यालय म.प्र. (पूर्व) \ REGIONAL OFFICE M.P. (East)
म.नं.–109, आदर्श नगर, नर्मदा रोड, जबलपुर (म.प्र.) 482 008
H. No.- 109, Aadarsh Nagar, Narmada Road, Jabalpur (M.P.) 482 008
दूरभाष / Phone : 0761 – 3585028, ईमेल / E-mail : rojabalpur@nhai.org, rojabalpuroffice@gmail.com

सत्यमेव जयते

भारतमाला
BHARATMALA
ROAD TO PROSPERITY

भा.रा.रा.प्रा. / क्षे.का.–म.प्र. / जबलपुर / विधान सभा / 2024 / 2836 दिनांक 05 / 02 / 2024

प्रति,

मुख्य अभियंता,
राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र, लोक निर्माण विभाग,
निर्माण भवन,प्लाट नं. 27–28, अरेरा हिल्स, भोपाल
दूरभाष नं. 0755–2551570,
ई–मेल cepwdnhzonempbhopal@gmail.com

**विषयः विधान सभा अतारांकित प्रश्न कमांक 1872 द्वारा श्री ओमकार सिंह मरकाम, सड़को मर पशु दुर्घटनाओं की जानकारी के संबध में।**

महोदय,

अतारांकित प्रश्न का इस कार्यालय के अंतर्गत बिन्दुवार प्रतिउत्तर निम्नानुसार है:–

| क्रं. | चाही गई जानकारी | प्रस्तुत जानकारी |
|---|---|---|
| (क) | जबलपुर से भोपाल राष्ट्रीय राज्य मार्ग में क्या प्रतिदिन सड़कों में कई पशुओं की मौत सड़क दुर्घटना की वजह से हो जाती है अगर हॉं तो बतावें सड़क दुर्घटना से पशुओं की मौत न हो इसके लिए विभाग ने कब-कब, क्या-क्या प्रयास किया ? पत्रों की छायाप्रति सहित जानकारी दें और अगर नहीं तो बतावें कि जबलपुर से भोपाल राष्ट्रीय राज्यमार्ग पर प्रतिदिन कम से कम दस, पन्द्रह मवेशियों की सड़क में शव दिखते हैं, उनके मृत्यु के क्या कारण है ? | भोपाल से जबलपुर मार्ग में हिरण नदी से सिंदूर नदी तक का भाग भाराराप्रा पक्रिई जबलपुर कार्यालय के अंतर्गत आता है। हिरण नदी से सिंदूर नदी तक के भाग में पशु दुर्घटना रोकने हेतु निम्न प्रयास किये गये :–<br>1. मार्ग में पेट्रोलिंग टीम के द्वारा लगातार मार्ग की मॉनीटरिंग की जा रही है, जहां पर भी मार्ग में पशुओं को देखा जाता है उन्हें मार्ग से हटाया जाता है।<br>2. मार्ग में आने वाले ग्राम पंचायतों के सचिव के माध्यम से ग्रामवासियों को समझाईस दी गई, कि मार्ग में पशुओं को न छोड़ा जाये<br>3. पशुओं की सींग में रेडियम लगाया गया है, जिससे दूर से ही मार्ग में पशु होने की जानकारी मिल सके।<br>4. मार्ग से पशुओं को हटाने हेतु माननीय कलेक्टर महोदय नरसिंहपुर को भाराराप्रा पक्रिई जबलपुर कार्यालय द्वारा पत्र क्र. 21885 दिनांक 31.07.2023 लेख किया गया है, जिसमें निवेदन किया गया है कि, राष्ट्रीय राजमार्ग के आसपास के क्षेत्रों में पशुओं को आश्रय प्रदान करने हेतु सर्व संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी करने का कष्ट करें, जिससे राष्ट्रीय राजमार्गों पर आवागमन को सुरक्षित बनाते हुए, उक्त मार्गों पर हो रही दुर्घटनाओं को रोका जा सके। (पत्र की प्रति संलग्न) |

आपकी जानकारी एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है।

भवदीय

(रामविलास पटेल)
प्रबंधक (तक.)

विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी
लोक निर्माण विभाग
मंत्रालय, भोपाल

**भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण**
(सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार)
**NATIONAL HIGHWAYS AUTHORITY OF INDIA**
(Ministry of Road Transport & Highways, Govt. of India)
प.कि.ई. – 582/A, डेनिंग रोड, साउथ सिविल लाइन्स, जबलपुर (म.प्र.)–482001
PIU OFFICE –582/A, Denning Road, South Civil Lines, Jabalpur (M.P.) – 482001
AN ISO 9001 : 2015, ISO 14001 : 2015 & OHSMS 45001 : 2018 Certified Office
दूरभाष: 0761–4047042 ई–मेल: jabalpur@nhai.org, nhaijabalpur@gmail.com

भाराराप्रा/पकिई/जबलपुर/विविध/2023/21885 31.07.2023

प्रति,

श्रीमान कलेक्टर महोदय
जिला–नरसिंहपुर (म.प्र.)

विषय : नरसिंहपुर जिले के अंतर्गत, राष्ट्रीय राजमार्ग क्र. 45 पर जानवरों के जमावड़े से हो रही दुर्घटनाओं के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयांतर्गत लेख हैं कि, भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण द्वारा, विभिन्न परियोजनाओं के तहत राष्ट्रीय राजमार्ग का निर्माण कार्य किया गया हैं। उक्त राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा यात्रीयों के आवागमन को सुगम बनाने हेतु सभी मापदण्डो को ध्यान में रखते हुए, मार्ग का निर्माण किया गया हैं।

2. उक्त संबंध में लेख हैं कि, नरसिंहपुर जिले के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग के आस पास के क्षेत्रों/ग्रामों के पालतू जानवरों हेतु पर्याप्त व्यवस्था ना होने के कारण, जानवरों का रा.रा. पर कई जगहों पर जमावड़ा देखा जाता हैं, जिससें उक्त स्थल पर दूर्घटनाऐं होने की संभावना बनी रहती हैं। खास तौर पर वर्षाकाल के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग पर इन जानवरों की मौजूदगी बढ़ती चिंता का विषय बन गई हैं, जिससें संभावित दुर्घटनाएं होने की संभावना बनी रहती हैं।

3. इसी क्रम में लेख हैं कि, इस कार्यालय के अंतर्गत चल•रही अथवा पूर्ण हो चूकी परियोजनाओं पर मोटर चालकों एवं भारी वाहनों का आवागमन निरन्तर होता रहता हैं और जानवरों, खासकर मवेशियों का सड़कों पर स्वतंत्र रुप से घूमने एवं बैठने से वाहन चालकों के लिए गंभीर खतरा पैदा करता हैं, क्योकि इन जानवरों से अप्रत्याशित मुठभेड़ से घातक दुर्घटनाएं और चोटें हो सकती हैं। इसके अलावा तेज गति वाले यातायात के कारण जानवरों को भी चोट लगने या मारे जाने का खतरा बना रहता हैं। उक्त स्थिति को मद्देनजर रखतें हुए, राष्ट्रीय राजमार्गों पर इस कार्यालय के अंतर्गत कार्यरत संविदाकर एवं टोल ऐजेंन्सी द्वारा, एम्बुलेंस एवं पैट्रोलिंग वाहन की सुविधा भी उपलब्ध कराई गई हैं, जिससें किसी भी प्रकार की स्थिति से निपटा जा सकें।

4. भाराराप्रा द्वारा उक्त दुर्घटनाओं को रोकने हेतु सभी प्रयास किये जा रहे हैं। पैट्रोलिंग वाहनों द्वारा समय समय पर रा.राजमार्गों पर गश्त के दौरान मवेशियों को बैठे हुए पाए जाने पर, यथाशीघ्र हटाया जाता हैं, परन्तु पैट्रोलिंग टिम के जाते ही पुनः राष्ट्रीय राजमार्ग पर मवेशियों का जमावड़ा लगना शुरू हो जाता हैं।

5. उक्त संबंध मे आपसे निवेदन हैं कि, नरसिंहपुर जिले के अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग के आस पास के क्षेत्रों में पशुओं को आश्रय प्रदान करने हेतु सर्व संबधितो को आवश्यक दिशा निर्देश जारी करने का कष्ट करें, जिससें राष्ट्रीय राजमार्गों पर आयागमन को सुरक्षित बनाते हुए, उक्त मार्गों पर हो रही दुर्घटनाओं को रोका जा सकें।

सधन्यवाद

अमृत लाल साहू 31/7/23
परियोजना निर्देशक

प्रतिलिपि–:
(i) श्रीमान् क्षेत्रीय अधिकारी, भा.रा.रा.प्रा. (पूर्व), जबलपुर–की ओर सादर सूचनार्थ प्रेषित।
(ii) मेसर्स लयन इंजीनियरिंग कंस्लटेन्ट (हिरन नदी से सिंदूर नदी) – की ओर सूचनार्थ प्रेषित।

...अधिकारी
लोक निर्माण विभाग
...मंत्रालय, भोपाल

# भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण
(सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार)
## NATIONAL HIGHWAYS AUTHORITY OF INDIA
(Ministry of Road Transport & Highways, Govt. of India)
प.क्रि.ई. – 582/A, डेनिंग रोड, साउथ सिविल लाइन्स, जबलपुर (म.प्र.)–482001
PIU OFFICE –582/A, Denning Road, South Civil Lines, Jabalpur (M.P.) – 482001
AN ISO 9001 : 2015, ISO 14001 : 2015 & OHSMS 45001 : 2018 Certified Office
दूरभाष: 0761–4047042 ई–मेल: jabalpur@nhai.org, jabalpur@gmail.com


भाराराप्रा / पक्रिई / जबलपुर / विधानसभा / 2024 / 22807 दिनांक 06.02.2024

प्रति,

**श्रीमान् क्षेत्रीय अधिकारी**
क्षेत्रीय कार्यालय, म.प्र. (पूर्व) जबलपुर,
भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण,
109, आदर्श नगर, नर्मदा रोड,
जबलपुर (म.प्र.) 482008

विषय : **सड़कों पर पशु दुर्घटनाओं की जानकारी।** (विधानसभा अतारांकित प्रश्न क्रमांक 1467 द्वारा **श्रीओमकार सिंह मरकाम**)।

संदर्भ : भाराराप्रा क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर का ई–मेल दिनांक 06.02.2024।

श्रीमान्,

उपरोक्त विषय अंतर्गत विधानसभा अतारांकित प्रश्न क्रमांक 1467 द्वारा, **श्रीओमकार सिंह मरकाम** जी, द्वारा पूछे गये प्रश्न के संबंध में, जो जानकारी चाही गई है, वह निम्नानुसार है :–

| क्र. | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| (क) | **जबलपुर से भोपाल राष्ट्रीय राज्य मार्ग में क्या प्रतिदिन सड़कों में कई पशुओं की मौत सड़क दुर्घटना की वजह से हो जाती है अगर हाँ तो बतावें सड़क दुर्घटना से पशुओं की मौत न हो इसके लिए विभाग ने कब-कब, क्या-क्या प्रयास किया ? पत्रों की छायाप्रति सहित जानकारी दें और अगर नहीं तो बतावें कि जबलपुर से भोपाल राष्ट्रीय राज्यमार्ग पर प्रतिदिन कम से कम दस, पन्द्रह मवेशियों की सड़क में शव दिखते हैं, उनके मृत्यु के क्या कारण है ?** | भोपाल से जबलपुर मार्ग में हिरण नदी से सिंदूर नदी तक का भाग भाराराप्रा पक्रिई जबलपुर कार्यालय के अंतर्गत आता है। हिरण नदी से सिंदूर नदी तक के भाग में पशु दुर्घटना रोकने हेतु निम्न प्रयास किये गये :–<br>1. मार्ग में पेट्रोलिंग टीम के द्वारा लगातार मार्ग की मॉनीटरिंग की जा रही है, जहां पर भी मार्ग में पशुओं को देखा जाता है उन्हें मार्ग से हटाया जाता है।<br>2. मार्ग में आने वाले ग्राम पंचायतों के सचिव के माध्यम से ग्रामवासियों को समझाईस दी गई, कि मार्ग में पशुओं को न छोड़ा जाये।<br>3. पशुओं की सींग में रेडियम लगाया गया है, जिससे दूर से ही मार्ग में पशु होने की जानकारी मिल सके।<br>4. मार्ग से पशुओं को हटाने हेतु माननीय कलेक्टर महोदय नरसिंहपुर को इस कार्यालय का पत्र क्र. 21885 दिनांक 31.07.2023 लेख किया गया है, जिसमें निवेदन किया गया है कि, राष्ट्रीय राजमार्ग के आसपास के क्षेत्रों में पशुओं को आश्रय प्रदान करने हेतु सर्व संबंधितों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी करने का कष्ट करें, जिससे राष्ट्रीय राजमार्गों पर आवागमन को सुरक्षित बनाते हुए, उक्त मार्गों पर हो रही दुर्घटनाओं को रोका जा सके। (पत्र की प्रति संलग्न) |

उक्त जानकारी आपकी ओर सादर प्रेषित।

(अमृत लाल साहू)
परियोजना निदेशक

[stamp:] विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी
लोक निर्माण विभाग
... मंत्रालय, भोपाल



प्रधान कार्यालय : प्लॉट सं. जी 5 एवं 6, सेक्टर 10, द्वारका, नईदिल्ली-110 075 : दूरभाष : 91–11–2507 4100 / 200 वेबसाइट : http://www.nhai.org
Corporate Office: Plot No. 5 & 6, Sector – 10, Dwarka, New Delhi – 110075 Ph. : 91-11-25074100/200 Website : http:\\www.nhai.org